COVID-19 सूचना

# COVID-19 एल्बर्टा स्वास्थ्य (ALBERTA HEALTH) दैनिक जाँचसूची (18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए)

## अवलोकन

यह जाँचसूची बालवाड़ी से लेकर कक्षा 12 के विद्यार्थियों समेत सभी बच्चों के लिए लागू होती है। इसमें 18 वर्ष से अधिक आयु के हाई स्कूल विद्यार्थी भी शामिल हैं। हरेक दिन स्कूल, चाइल्डकैअर और अन्य गतिविधियों के लिए जाने से पहले इस जाँचसूची को पूरा करके बच्चों की जाँच की जानी चाहिए। इस जाँच उपकरण को पूरा करने के लिए बच्चों को माता/पिता या अभिभावक से सहायता लेने की आवश्यकता हो सकती है।

यदि आपके बच्चे ने पिछले 14 दिनों में कनाडा से बाहर यात्रा की है, तो कनाडा सरकार के यात्रा, परीक्षण, संगरोध और सीमा निर्देशों का पालन करें, जिसमें ऊँचे खतरे वाले परिवेशों में शामिल होने से संबंधित अपवाद-प्राप्त यात्रियों के लिए सभी आवश्यकताएँ भी शामिल हैं।

यदि आपके बच्चे ने पिछले 10 दिनों के अंदर यात्रा की है, तो उन्हें जनस्वास्थ्य द्वारा सूचित कर दिया गया है कि COVID-19 के मामले[3] के रूप में जनस्वास्थ्य निर्देशों के अनुसार उन्हें एकांतवास करने की आवश्यकता है।

## 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए जाँच प्रश्न:

| | | | |
|---|---|---|---|
| **1.** | **पिछले 14 दिनों में क्या आपका बच्चा COVID-19 के किसी मामले[2] का घरेलू संपर्क रहा है?**<br>*घरेलू संपर्क: ऐसा व्यक्ति जो मामले के साथ एक ही आवास में रहता है **या** जिसने COVID-19 मामले के साथ बार-बार, लंबे समय के लिए, निकटता से व्यवहार किया है। उदाहरण के लिए, भाई-बहन, कोई ऐसा व्यक्ति जो रात में आवास में सोया था, या कोई ऐसा व्यक्ति जिसने बच्चे को सीधे शारीरिक देखभाल प्रदान की थी।* | **हाँ** | **नहीं** |
| **यदि उत्तर "हाँ" है और वे पूरी तरह से प्रतिरक्षित[4] नहीं हैं:**<br>• बच्चे को एक्सपोज़र के अंतिम दिन से 14 दिनों तक घर पर रहना चाहिए और स्कूल, चाइल्डकैअर और/या अन्य गतिविधियों में भाग नहीं लेना चाहिए तथा लक्षणों की निगरानी करनी चाहिए। यदि आपके बच्चे के शरीर में लक्षण हैं, तो आगे प्रश्न 2 पर जाएँ।<br><br>**यदि प्रश्न 1 का उत्तर "नहीं" है, तो आगे प्रश्न 2 पर जाएँ** | | | |
| **2.** | **क्या बच्चे के शरीर में नीचे दिए गए प्रमुख लक्षणों में से कोई नया लक्षण शुरू हुआ है (या खराब हुआ है):** | | |
| | **बुखार**<br>38 डिग्री सेल्सियस या इससे ऊँचा तापमान | **हाँ** | **नहीं** |
| | **खाँसी**<br>लगातार, सामान्य से अधिक, अस्थमा जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **साँस फूलना**<br>लगातार साँस फूलना, गहरी साँस न ले पाना, अस्थमा जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **स्वाद या गंध का एहसास न होना**<br>एलर्जियों या न्यूरोलॉजिकल विकारों जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| **यदि प्रश्न 2 के किसी भी लक्षण के लिए बच्चे का उत्तर "हाँ" है, तो:**<br>· CMOH के आदेशों के अनुसार लक्षणों के शुरू होने के बाद से बच्चे को 10 दिनों के लिए एकाँतवास करना होगा, अथवा गतिविधियों में वापिस जाने से पहले उसे COVID-19 जाँच का नकारात्मक परिणाम प्राप्त करना होगा और बेहतर महसूस करना होगा।<br>· AHS ऑनलाइन आकलन उपकरण (Online Assessment Tool) का प्रयोग करें अथवा Health Link 811 को कॉल करके जाँच कराने की व्यवस्था करें तथा एकाँतवास के बारे में अतिरिक्त जानकारी प्राप्त करें।<br><br>**यदि प्रश्न 2 में दिए गए सभी लक्षणों के लिए बच्चे का उत्तर "नहीं" है, तो आगे प्रश्न 3 पर जाएँ।** | | | |

[3] लैब में पुष्टीकृत मामला, या एल्बर्टा COVID-19 सूचना-योग्य रोग मार्गदर्शिका में परिभाषित किए गए के अनुसार संभावित मामला
[4] ऐसा व्यक्ति जिसने COVID-19 की पूरी श्रंखला का टीकाकरण प्राप्त कर लिया है और दूसरी खुराक के बाद 14 दिन बीत चुके हैं

@2021 Government of Alberta | Updated: September 2021

Classification: Public

Archived

| 3. | **क्या बच्चे के शरीर में नीचे दिए गए अन्य लक्षणों में से कोई नया लक्षण शुरू हुआ है (या खराब हुआ है):** | | |
|---|---|---|---|
| | **कंपकंपी**<br>बुखार के बिना, ठंड के मौसम में घर से बाहर निकलने से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **गले में खराश/निगलते समय गले में दर्द**<br>मौसमी एलर्जियों या प्रतिक्रियाओं जैसे अन्य ज्ञात कारणों/रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **नाक बहना/नाक बंद होना**<br>मौसमी एलर्जियों या ठंड के मौसम में घर से बाहर निकलने जैसे अन्य ज्ञात कारणों/रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **अस्वस्थ/थकावट महसूस करना**<br>ऊर्जा की कमी, शिशुओं का ठीक से भोजन न करना, अन्य ज्ञात कारणों या रोगों - जैसे अवसाद, अनिद्रा, थायरॉयड के ठीक से काम न करने या अचानक हुई शारीरिक क्षति से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **मतली, उल्टी और/या दस्त**<br>व्यग्रता, दवाइयों या इरिटेबल बोअल सिंड्रोम जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **बिना किसी कारण के भूख न लगना**<br>व्यग्रता या दवाइयों जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **माँसपेशियों/जोड़ों में दर्द**<br>गठिया या शारीरिक क्षति जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **सिरदर्द**<br>तनाव-जनित सिरदर्द या लंबे समय से चलने वाले माइग्रेन जैसे अन्य ज्ञात कारणों या रोगों से संबंधित नहीं | **हाँ** | **नहीं** |
| | **कंजक्टिवाइटिस** (जिसे सामान्य रूप से आँख आना कहा जाता है) | **हाँ** | **नहीं** |

**यदि प्रश्न 3 में किसी एक लक्षण के लिए बच्चे का उत्तर "हाँ" है, तो:**

- अपने बच्चे को घर पर रखें और 24 घंटों के लिए निगरानी करें।
- यदि 24 घंटों के बाद उनके लक्षण में **सुधार** हो रहा है, तो पर्याप्त रूप से स्वस्थ महसूस करने पर वे स्कूल वापिस जा सकते हैं और गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं। जाँच कराने की आवश्यकता नहीं है।
- यदि 24 घंटों के बाद लक्षण में **सुधार नहीं होता है या** लक्षण **और भी खराब हो जाता है** (या यदि अतिरिक्त लक्षण पैदा होते हैं), तो AHS ऑनलाइन आकलन उपकरण (AHS Online Assessment Tool) का प्रयोग करें अथवा Health Link 811 को कॉल करके पता करें की क्या जाँच कराना बेहतर होगा।

**यदि प्रश्न 3 में दो या इससे अधिक लक्षणों के लिए बच्चे का उत्तर "हाँ" है, तो:**

- अपने बच्चे को घर पर रखें।
- AHS ऑनलाइन आकलन उपकरण (AHS Online Assessment Tool) का प्रयोग करें अथवा Health Link 811 को कॉल करके पता करें की क्या जाँच कराना बेहतर होगा।
- यदि बच्चे के लक्षण शुरू होने के बाद कम से कम 24 घंटे बीत गए हों, तो लक्षणों के दूर हो जाने पर वे स्कूल वापिस जा सकते हैं और गतिविधियों में शामिल हो सकते हैं।

**यदि बच्चे ने सभी प्रश्नों का उत्तर "नहीं" में दिया है, तो:**
आपका बच्चा स्कूल या शिशु-देखभाल केंद्र जा सकता है और/या अन्य गतिविधियों में शामिल हो सकता है।

**कृपया ध्यान दें:** यदि आपके बच्चे को ऊपर दी गई सूचियों से से किसी भी लक्षण का अनुभव हो रहा है और यदि उन्हें अपनी COVID-19 जाँच का परिणाम नकारात्मक न मिला हो और वे बेहतर न महसूस करें, तो लक्षणों के शुरू होने के 10 दिनों के अंदर अथवा लक्षणों के दूर हो जाने तक (इनमें से जो भी अवधि लंबी हो) उन्हें किसी दीर्घकालिक देखभाल सुविधा अथवा अल्पकालिक गहन देखभाल सुविधा में न लाएँ।

Archived